दिनांक 22.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा डेंगू प्रभावित विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया इस बिमारी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान का सुक्ष्म रुप से निरीक्षण किया गया। देर रात निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम सभागार में इस अभियान से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। तथा आज की गई कार्यवाही से अवगत होते हुए डेंगू बिमारी के उन्मूलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 से 22 अगस्त तक 99264 कूलर खाली कराये गये एवं 6220 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 66332 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 4122 स्थानों एवं 332 स्कूल, 284 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 370638 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 147390 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच. जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2082 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु 302 होर्डिंग्स, 969 कटआउट क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 15 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

जोन 01 श्री कृष्णा कुमार सोनी भैंस खटाल से 50 हजार रुपये, जोन 06 के दो व्यक्ति से सड़क बाधा शुल्क के रुप में 1 हजार रुपये, जोन 04 मुकिम अंसारी खुर्सीपार से 1 हजार रुपये अर्थदण्ड, कुल 52 हजार अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी